सत्यमेव जयते

खंड ८ संख्या १

# बिहार विधान सभा वादवृत्त
## सरकारी रिपोर्ट

सोमवार, तिथि १२ सितम्बर, १९५५।

Vol. VIII No. 1

# The Bihar Legislative Assembly Debates
## Official Report

*Monday, the 12th September 1955.*

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय, बिहार,
पटना, द्वारा मुद्रित,
१९५६।

[मूल्य—/६ आना।]
*[Price—Annas 6.]*

# बिहार विधान सभा वादवृत्त ।

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य-विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने के सभा सदन में सोमवार, तिथि ३ अक्तूबर १९५५ को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

---

## अल्प-सूचना प्रश्नोत्तर।

## Short Notice Questions and Answers.

### राष्ट्रीय सेवा विस्तार योजना के पदाधिकारी की नियुक्ति।

†१९४५। श्री कुलदीप नारायण यादव—क्या मुख्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी सबडिवीजन के सुरसंड थाने में राष्ट्रीय सेवा विस्तार योजना लागू की गई है, यदि हां, तो वहां के लिये असालतन ब्लौक डेवेलपमेंट पदाधिकारी की नियुक्ति अबतक हुई है ;

(२) यदि हुई है, तो वे कौन हैं और वे अबतक उसका उत्तरदायित्व अपने ऊपर क्यों नहीं लेते हैं ;

(३) क्या यह बात सही है कि सरकार का स्टाफ आज ६ मास से वहां बैठा हुआ है ;

(४) उक्त ब्लौक में कितनी रकम की स्वीकृति हुई है तथा कबतक सरकार उसमें हाथ लगावेगी ?

श्री कृष्ण वल्लभ सहाय—(१) पहले भाग का उत्तर हां है।

सुरसंड थाने में एन० इ० एस० ब्लौक में कोई असालतन ब्लौक डेवलपमेंट आफिसर तैनात नहीं हुए हैं मगर श्री राम औतार चौधरी, सब-डिप्टी कलक्टर सीतामढ़ी उस एन० इ० एस० ब्लौक के चार्ज में हैं और अपने काम के साथ इस काम को भी करते हैं।

(२) यह सवाल नहीं उठता है।

(३) इसका उत्तर नकारात्मक है। एन० इ० एस० ब्लौक में जो काम होता है उसकी क्वार्टरली रिपोर्ट जून, १९५२ तक की रिपोर्ट पुस्तकालय के टेबुल पर रख दी गयी है।

(४) इस ब्लौक में दो लाख दो हजार छः सौ पैंसठ रुपया खर्च के लिए मौजूदा साल में दिया गया है और इसके अनुसार काम आरम्भ कर दिया गया है।

---

†सदस्य की अनुपस्थिति में श्री दारोगा प्रसाद राय के अनुरोध पर उत्तर दिया गया।

डा० अनुग्रह नारायण सिंह—जो सवाल आपका है उसमें च्वायंस नहीं है, औटोमैटिकली उससे लोग ले लिए जायंगे : ट्रेनिंग में अगर फेल कर जायंगे तो भले ही कोई दूसरा व्यवहार किया जाय लेकिन पास कर सकते हैं तो कोई बात नहीं है। इसीलिए जो बाडी चुनाव करती है उसको नियुक्ति करने का हक नहीं है।

श्री हरिवंश नारायण सिंह—प्लैनिंग कमिटी में जो नियुक्त होती है वह भी तो नियुक्ति ही है।

डा० अनुग्रह नारायण सिंह—नहीं, ऐसी बातें नहीं है।

श्री भोलानाथ भगत—क्या यह बात सही है कि प्लैनिंग कमिटी असल में अप्वाय्टिंग बाडी नहीं बल्कि इंटरव्यूइंग बाडी है?

डा० अनुग्रह नारायण सिंह—वही बात तो मैं भी कह रहा हूं।

श्री भोलानाथ भगत—बहाली तो डिस्ट्रिक्ट सुपरिंटेंडेंट ऑफ एजुकेशन करते हैं।

श्री यमुना राम—क्या यह बात सही है कि गैर-सरकारी सदस्यों की बोर्ड सरकारी आदेश जहां तक रिजर्वेशन का सवाल है पालन नहीं करती?

अध्यक्ष—यह सवाल अभी नहीं उठता।

श्री यमुना राम—क्या यह बात सही है कि जो भी बोर्ड गैर-सरकारी सदस्यों की होती है वह सरकारी आदेश रिजर्वेशन के सवाल पर पालन नहीं करती है जहां तक एडवरटिजमेंट का सवाल है?

अध्यक्ष—यह भी नहीं उठता है। यह बोर्ड कुछ और है और आपका प्रश्न साधारण और व्यापक है।

श्री यमुना राम—क्या यह बात सही है कि चम्पारण जिला हिन्दी विभाग में यह बात है?

अध्यक्ष—यह भी नहीं उठता।

---

अल्प-सूचना प्रश्न सं० १०६ के बारे में।

श्री कर्पूरी ठाकुर—अध्यक्ष महोदय, मेरा शोर्ट नोटिस प्रश्न १०६ के बारे में लिखा हुआ है कि मेम्बर उपस्थित नहीं हैं। अगर जवाब तैयार नहीं है तो इसको स्थगित कर दिया जाय नहीं तो लैप्स कर जायगा।

श्री कृष्ण बल्लभ सहाय—इसका उत्तर तैयार है।

अध्यक्ष—तो इसको स्थगित कर दिया गया, लैप्स नहीं होगा।